भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1361**

उत्तर देने की तारीख 08 दिसंबर, 2025
17 अग्रहायण, 1947 (शक)

# अंतर्राष्ट्रीय खेल नीतियों को अपनाना

**1361. श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकर:**
**श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणे:**
**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे:**
**श्रीमती भारती पारधीः**
**श्री नरेश गणपत म्हस्के:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने उन्नत प्रशिक्षण, एकीकृत खेल शिक्षा और संस्थागत समर्थन के संदर्भ में संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएस) और चीन में खेल संवर्धन नीतियों का कोई तुलनात्मक विश्लेषण किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) शिक्षा और खेल के संतुलन को लेकर भारत का दृष्टिकोण अमेरिका और चीन के दृष्टिकोण से, विशेष रूप से छात्रवृत्ति और विश्वविद्यालय स्तर के एथलीट कार्यक्रमों के संदर्भ में किस तरह अलग है;

(ग) पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष में महाराष्ट्र के ग्रामीण, शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खेल अवसंरचना को मजबूत बनाने, प्रशिक्षण और स्थानीय प्रतिभा पहचान को बेहतर करने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या सरकार खेल को मुख्यधारा की शिक्षा के साथ समेकित करने हेतु समर्पित खेल विद्यालय, विश्वविद्यालय सहयोग या क्रेडिट-आधारित प्रणाली के रूप में कोई योजना बना रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार की अमेरिका और चीन से नई नीतियों, प्रयोगिक परियोजना या वर्धित बजटीय आवंटन से संबंधित सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने की योजना है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) सरकार ने उन्नत प्रशिक्षण, एकीकृत खेल-शिक्षा और संस्थागत समर्थन के संबंध में संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएस) और चीन में खेल संवर्धन नीतियों का कोई औपचारिक तुलनात्मक विश्लेषण नहीं किया है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण जिसमें देश में खेल अवसंरचनाओं को मजबूत करना, कोचिंग और जमीनी स्तर की प्रतिभा पहचान सहित खेलों के विकास की जिम्मेदारी मुख्य रूप से संबंधित राज्य / संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के पास है। केंद्र सरकार केवल महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों में सहायता करती है।

सरकार ने जमीनी स्तर सहित देश में खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए विभिन्न उपाय किए हैं। यह मंत्रालय महाराष्ट्र सहित देश भर में खेलों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्कीमें कार्यान्वित करता है। इसमें निम्नलिखित स्कीमें शामिल हैं:

(i) खेलो इंडिया - राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम;
(ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) को सहायता;
(iii) अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में पदक विजेताओं और उनके कोचों को नकद पुरस्कार;
(iv) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार;
(v) मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन;
(vi) खिलाड़ियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण कार्यक्रम;
(vii) राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ);
(viii) भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन; और
(ix) राष्ट्रीय खेल विज्ञान और अनुसंधान केंद्र (एनसीएसएसआर)।

इन स्कीमों का विवरण मंत्रालय की वेबसाइट (https://yas.nic.in) पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

महाराष्ट्र राज्य सहित देश भर में खेलो इंडिया स्कीम और राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के तहत अनुमोदित खेल अवसंरचना परियोजनाओं और उनकी स्वीकृत लागत, जारी की गई धनराशि और उनकी वास्तविक और वित्तीय प्रगति का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in और http://www.nsdf.yas.gov.in/nsdf-glance.html पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

इसके अलावा, सरकार ने खेलो भारत नीति 2025 लॉन्च की है, जो एक समावेशी और मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र बनाकर जमीनी स्तर से लेकर ओलंपिक 2036 सहित ओलंपिक पोडियम तक प्रतिभा का पोषण करेगा।

(घ) और (ङ) वर्तमान में केंद्र सरकार के पास ऐसे कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं हैं।

*****